Goddess Matangi Mantra Sadhana Evam Siddhi

भगवती मातंगी मंत्र साधना एवं सिद्धि

GURUDEV RAJ VERMA

Contact- +91-9897507933, +91-7500292413(WhatsApp No.)

Email- mahakalshakti@gmail.com

For more info visit---

www.scribd.com/mahakalshakti

www.gurudevrajverma.com

दशमहाविद्याओं में आपका नवम् स्थान है। मंतग मुनि की पुत्री के रूप में अवतार लेने के कारण इन्हें मातंगी कहा जाता है। एक कथा के अनुसार पूर्वकाल में मंतग मुनि ने सृष्टि के जीवों का वशीकरण करने के लिये कंदब वन मे कठोर तपस्या की थी। तपस्या के प्रभाव से उनके नेत्रों से दिव्य तेजपुंज निकला। उस तेजपुंज ने स्त्री का रूप धारण कर लिया। इन्हीं की प्रसिद्धि मातंगी नाम से हुई। भगवती मातंगी की साधना करने वाला उत्तम पुरुष शास्त्र, वेदवेदांग का ज्ञाता, देवज्ञ, संगीत एवं सर्व विद्याओं से सम्पन्न हो जाता है। इनके मंत्रों से वशीकरण एवं सम्मोहन कार्यों में शीघ्र सफलता मिलती है। मातंगी देवी अपने साधक को गृहस्थ सुख के साथ समस्त भौतिक ऐश्वर्य प्रदान करती है। देवताओं से पूजित यह विद्या किसी भी कन्या के विवाह में उत्पन्न दोषों को समाप्त करती है। इस विद्या के प्रभाव से अन्न-धन की वृद्धि, वाक्सिद्धि एवं परमसौभाग्य की प्राप्ति होती है। श्रीविद्या के अन्तर्गत मातंगीदेवी की परम्परा में श्रीदक्षिणामूर्त्तिशिव ही गुरु के रूप में विराजमान हैं। इनके साथ में स्वगुरु, दिव्यगुरु, सिद्धगुरु तथा सुमानव गुरु की उपासना की जाती है। उच्छिष्ट चांडाली, सुमुखी, लघुश्यामा, कर्णमांतगी,

वश्यमातंगी, चण्डमातंगी, राजमातंगी इत्यादि इनके मुख्य स्वरूप हैं, जिनका वर्णन आगे किया गया है। साधना से पूर्व भगवती का उत्तम सामग्रियों से पूजन करे। अन्य आवश्यक यम नियमों की जानकारी गुरुदीक्षा द्वारा प्राप्त करनी चाहिये।

भगवती मातंगिनी यंत्रावरण मंगल वंदना– भगवती मातंगी की उपासना 'श्रीविद्या' के अन्तर्गत की जाती है। श्रीविद्या की उपासना हेतु सर्वश्रेष्ठ साधन श्रीयंत्र है। श्रीविद्या की अंगमहाविद्या होने के कारण मांतगी देवी का यंत्र दशचक्रात्मक श्रीयंत्र है। इस प्रकार से श्रीयंत्र को मातंगिनीयंत्र भी कहते हैं। जिस प्रकार शरीर और आत्मा में कोई अन्तर नहीं होता, वैसे ही यंत्र और देवताओं में भी कोई भेद नहीं होता। इसलिये देवता को प्रसन्न करने के लिये विधिवत् यंत्र की पूजा अवश्य करनी चाहिये। यंत्रार्चन में देवता एवं उनके अंग देवताओं, शक्तियों तथा आयुधों आदि की सम्मिलित रूप से पूजार्चना की जाती है। इससे भगवती शीघ्र प्रसन्न होती हैं। भगवती मातंगी के किसी भी मंत्र एवं प्रयोग से पूर्व इस यंत्रावरण वन्दना का नित्य पाठ

करने से अत्यन्त शुभ फल मिलता है। इस मंगलस्तुति से यंत्रार्चन का फल प्राप्त होता है।

प्रथमावरणवंदनम्- परदेवता वंदना- मैं उस परदेवता को नमस्कार करता हं, जिसने श्वेतरक्त वर्णरूपी शिवशक्ति स्वरूपात्मक चक्रता को प्राप्त कर लिया है, जो मूलादि से लेकर बिंदु पर्यन्त सूक्ष्मरूप से परिपूर्ण है, जो हाथों में बाण, धनुष, अंकुश तथा पाश को धारण करके स्थूल रूप से विराजमान है और जिसने श्रीचक्र के रूप में परिणति को प्राप्त कर लिया है।1।

परयंत्रराज वंदना- मैं भूपुर, त्रिवृत्तक, षोडशदल, अष्टदल, चतुर्दशार, बहिर्दशार, अन्तर्दशार, अष्टकोण, त्रिकोण तथा बिंदु के साथ परयंत्रराज की वन्दना करता हूं।2।

भूपुर के बाहर में इन्द्र आदि दश दिक्पाल वंदना- मैं भूपुर के बाहर में स्थित पीतवर्ण वाले तथा हाथ में वज्र को धारण करने वाले इन्द्रदेव, लालवर्ण वाले तथा हाथ में शक्ति को धारण करने वाले अग्निदेव, कृष्णवर्ण वाले तथा हाथ में दण्ड को धारण करने वाले यमदेव, बंधूक पुष्पके समान लालवर्ण वाले तथा हाथ में खड्ग को धारण करने वाले नैऋतदेव, श्वेतवर्ण वाले तथा हाथ में पाश को धारण करने वाले वरुणदेव, हरितवर्ण के शरीर वाले

तथा हाथ में अंकुश को धारण करने वाले वायुदेव, श्वेतवर्ण वाले तथा हाथ में गदा को धारण करने वाले कुबेरदेव, श्वेतवर्ण वाले तथा हाथ में शूल को धारण करने वाले ईशानदेव, पीतवर्ण वाले तथा हाथ में कमल को धारण करने वाले ब्रह्मदेव और रमणीय श्याम वर्णवाले तथा हाथ में चक्र को धारण करने वाले अनन्तदेव- इन सभी दिक्पालों को पूर्व से आरम्भ करके अभिवर्त्त क्रम से भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूं।3।

भूपुर वंदना- मैं श्वेत, रक्त और अत्यन्त कृष्णवर्ण वाली तीन रेखाओं से निर्मित, चार द्वारों से युक्त, रमणीय, तीनों लोकों का सम्मोहक तथा महाप्रकट योगिनियों के समेत भूपुर चक्र को प्रणाम करता हूं।

पश्चिमद्वार में स्थित द्वारपाल सर्वयोगिनीरूपी सर्वभूतों की वंदना- अनेक आयुधों ये युक्त, अनेक वस्त्रों से भूषित, अनेक आकृति वाली इन सभी योगिनियों का और सभी भूत जो कि अनेक आकृति वाले, अत्यन्त भयंकर रूपवाले, अनेक शस्त्रों से चिह्नित हाथ वाले, अनेक मुखों से युक्त भयंकर मुखवाले तथा पश्चिम द्वार पर स्थित हैं, उन सभी प्रसन्न द्वारपालों का मैं स्मरण करता हूं।5।

पूर्वद्वार में स्थित द्वारपाल क्षेत्रपति वंदना– सुरमे के समान कृष्णकान्तिमान, विशाल त्रिनेत्रधारी, षड्भुजाओं में चमकती हुअी तलवार, नरकपाल पात्र, त्रिशूल, डमरू, मुद्रा तथा दण्ड को धारण किये हुए, पूर्व द्वार में स्थित प्रसिद्ध प्रसन्नस्वरूप द्वारपाल क्षेत्रपति का स्मरण करता हूं।6।

दक्षिणद्वार में स्थित द्वारपाल गणनायक वंदना– मैं उस गणनायक को प्रणाम करता हूं, जिनका उदर लम्बा है, शरीर नीला है, हाथी के समान मुख है; जिन्होंने हाथों में पाश, अंकुश, कपाल तथा शूल को धारण किया है और जो दक्षिणी द्वार के द्वारपाल हैं।7।

उत्तर द्वार में स्थित द्वारपाल बटुक भैरव वंदना– मैं बालरूप, विशुद्ध स्फटिक की प्रभा के समान मुखवाले, त्रिशूल तथा दण्ड को धारण करने वाले, त्रिनेत्रधारी, सदैव उत्तर द्वार में स्थित रहने वाले द्वारपाल, देवी के पुत्र श्रीबटुक भैरव को प्रणाम करता हूं।8।

भूपुर के नैऋत्य कोण में स्थित तिरस्करी देवी वंदना– मैं कृष्णवर्ण के मुखवाली, लालवर्ण की तीन आंखवाली, कृष्णवर्ण वस्त्र धारण करने वाली, कृष्णवर्ण घोड़े पर आरुढ़, ऊपर के

दोनों हाथों में गदा और खड्ग तथा नीचे के हाथों में मधुसे भरे हुए घड़े को लिये हुए, अपनी रम्य योनिका का प्रदर्शन करती हुई और पशुवर्ग को विमोहित करती हुई नैऋत्यकोण में स्थित सुन्दर मुखवाली तिरस्करी देवी का मन से स्मरण करता हूं।9।

आग्नेयकोण में स्थित वनदुर्गा वंदना- मैं श्याम अंगवाली, मस्तक पर चन्द्रमा को धारण करने वाली, कर कमलों में शंख, चक्र, तलवार, बाण, तर्जनी मुद्रा, चर्म, खेटक तथा चाप को धारण करने वाली, विहसित मुखवाली, मणिरत्नों से अलंकृत, रक्तवस्त्र को धारण करने वाली, आग्नेयकोण में स्थित वनदुर्गा का मन से स्मरण करता हूं।10।

ईशानकोण में स्थित कामदेव वंदना- मैं एक हाथ में बंधूक पुष्प तथा दूसरे हाथ में पुष्पबाण एवं ईख से बने हुए धनुष को धारण करने वाले, दो हाथ वाले, कुसुम आदि से विभूषित, रति से युक्त, अत्यन्त सुन्दर, ईशानकोण में स्थित कामदेव का स्मरण करता हूं।11।

वायव्यकोण में स्थित वसन्त वंदना- मैं वसन्त को निरंतर प्रणाम करता हूं, जो विहसित मुख से युक्त है, शरत्कालीन चन्द्रमा के

समान गौरवर्ण वाले हैं, प्रीति से युक्त हैं, ऋतुओं का राजा है, रत्नादि से अलंकृत हैं, सुन्दर हैं तथा वायव्यकोण में स्थित है।12।

भूपुर के दोनों पार्श्व में स्थित शंखनिधि तथा पद्मनिधि वंदना– मैं उन शंखनिधि तथा पद्मनिधि का स्मरण करता हूं, जिनकी पद्ममाला से चिह्नित दिव्यदेह है; विहसित मुखकमल, हाथों में वर मुद्रा तथा अभयमुद्रा सुशोभित है; जो भूपुर के दोनों पार्श्व में स्थित है तथा सुन्दर और प्रसन्नस्वरूप हैं।13।

पश्चिमद्वार में स्थित द्वारनायिका कुब्जकेशी वंदना– मैं देवी कुब्जकेशी को प्रणाम करता हूं, जिसने मस्तक पर अर्द्धचन्द्र को धारण किया है, जिसके मुख में दर्प के कारण प्रसन्नता छाई हुई है, जो बिखरे हुए बालों वाली, उगते हुए सूर्य के समान कांतिवाली, स्तनों के भार से झुकी हुई, सभी अलंकरणों से सुन्दर लगने वाली, सिंह के कंधे पर बैठी हुई, अभयमुद्रा तथा वरमुद्रा को धारण करने वाली, एक मुखवाली, तीन आंखों वाली, पश्चिम द्वार की नायिका हैं तथा शक्ति समूह से वंदित हैं।14।

उत्तरद्वार में स्थित द्वारनायिका सिद्धलक्ष्मी वंदना– मैं खाट के पाया, त्रिशूल, अभयमुद्रा, वरमुद्रा, नरमुण्ड, पाश, कुम्भ, अंकुश,

तलवार तथा पानपात्र से युक्त, अत्यन्त प्रसन्नस्वरूप, सुन्दर, दशभुजाओं से युक्त, शरत्कालीन चन्द्रमा के समान गौरवर्णवाली, रुद्र के कंधे पर बैठी हुई, नवयुवति, पांचमुखों से सुशोभित, विहसित मुखवाली तथा उत्तरद्वार में स्थित द्वारनायिका सिद्धलक्ष्मी का स्मरण करता हूं।15।

पूर्वद्वार में स्थित द्वारनायिका उन्मनी वंदना– मैं उस उन्मनी देवी को नमस्कार करता हूं, जो उगते हुए सूर्य के समान कांतिवाली, अत्यन्त सुन्दर मुखवाली, मस्तक पर चन्द्रमा धारण करने वाली, तीन आंखोंवाली माता हैं; पाश, अंकुश, वरमुद्रा तथा अभयमुद्रा करकमलों में धारण करने वाली, मन्द मुस्कानवाली, प्रसन्नस्वरूप, आलौकिक माणिक्य रत्नों से दीप्त सुन्दर अलंकारों से अलंकृत, लालवस्त्रवाली हैं; लाल कमल पर बैठी हुई हैं तथा पूर्वद्वार की नायिका हैं।16।

दक्षिणद्वार में स्थित द्वारनायिका दक्षिणकालिका वंदना– मैं उस दक्षिणकालिका को प्रणाम करता हूं, जो दण्ड, चक्र, कपाल, अभयमुद्रा, वरमुद्रा, डमरु, तर्जनीमुद्रा, खेट, खड्ग, खटवांग, पाश, कमण्डलु, अंकुश, शर, धनुष तथा नर मुण्डका धारण करने वाली, सम्पूर्ण रूप से खुले बालवाली, अर्द्धचन्द्रको धारण करने वाली, व्याघ्र चर्मरूपी वस्त्र से युक्त हैं तथा दक्षिण में

द्वारनायिका के रूप में स्थित हैं; मध्याह्न कालीन सूर्य के समान हैं तथा पांच मुखों वाली हैं।17।

भूपुर की प्रथम रेखा में स्थित अणिमा आदि ग्यारह सिद्धियों की वन्दना- मैं पूर्ण स्वरूप अणिमा, गरिमा, लघिमा, सर्वप्रसिद्ध महिमा, ईशित्व, शुद्ध वशित्व, प्राकाम्य, सर्वभुक्ति, इच्छा, प्राप्ति तथा सर्वाथ सिद्धि नामक उन सिद्धियों का स्मरण करता हूं जो कि प्रथम रेखा में स्थित हैं, महाप्रकट सिद्धि योगिनियां हैं; मस्तक पर अर्द्धचन्द्राकार मुकुटों को धारण करने वाली, निधिरूपी वाहनों पर स्थित हैं; पाश, अंकुश, कमल युगल से युक्त हाथवाली, तीन आंखवाली, लालवर्ण के वस्त्रों को धारण करने वाली तथा रक्तवर्ण की कांति से युक्त हैं।18।

भूपुर की द्वितीय रेखा में स्थित ब्राह्मी आदि आठ मातृकाओं की वन्दना- मैं आवरण रूप को धारण करने वाली ब्राह्मी, उस प्रकार माहेश्वरी, कुमार वर की सत्ता कौमारी, वैष्णवी, शूकर मुखवाली वाराही, देवराज की शक्ति माहेन्द्री, चामुण्डा तथा महालक्ष्मी प्रकट अम्बाओं की सर्वदा वन्दना करता हूं जो कि लाल कमल तथा कपाल से युक्त हाथ वाली हैं; जिनके शरीर की कांति नील कमल के समान अत्यन्त सुन्दर हैं; जो तीन

आंख वाली हैं; लालवस्त्र तथा रत्न के आभूषणों से अलंकृत हैं और लाल रेखा के चारों ओर विराजमान हैं।19।

तृतीयरेखा में सर्वसंक्षोभिणी आदि ग्यारह मुद्राओं की वन्दना– मैं सर्वसंक्षोभिणी, महायोनि, सर्वविद्राविणी, सर्वाकर्षिणी, सर्ववशंकरी, सर्वोन्मादिनी, सर्वमहांकुशा, सर्वखेचरी, सर्वबीजा, सर्वयोनि तथा सर्वत्रिखण्डा प्रकट मुद्राओं का स्मरण करता हूं जो पाश, अंकुश तथा अपनी दो मुद्राओं से युक्त चार भुजावाली हैं; तीन आखों वाली तथा प्रसन्न मुखकमल से युक्त तृतीय रेखा में स्थित हैं; प्रकट मुद्रा योगिनी हैं तथा नाना प्रकार के अत्यन्त सुन्दर मणिरत्नों को धारण करने वाली हैं।20।

भूपुर चक्रेश्वरी श्रीत्रिपुरा वंदना– मैं बिम्ब फल के समान लाल ओष्ठवाली, शरत्कालीन चन्द्रमा के समान गौरमुख वाली, रत्नादि आभूषणों से उज्जवल कान्तिवाली, पुस्तक, अक्षमाला तथा कमल युगल से अंकित भुजाओं से सुशोभित, तीन आखों वाली, संक्षोभिणी मुद्रा तथा अणिमा सिद्धि के साथ चार्वाक दर्शन से युक्त, मोहन करने वाली, भूपुर चक्र की नायिका श्रीत्रिपुरा को नमस्कार करता हूं।21।

द्वितीयावरणवन्दनम्- वृत्तत्रय चक्र की वंदना- मैं श्वेत, लाल तथा कृष्णवर्ण के तीन वृत्तों से निर्मित, परम मातृका योगिनियों के साथ धर्म, अर्थ तथा कामरूपी त्रिवर्ग को सिद्ध करने वाले और भूलोक में दुर्लभ वृत्तत्रय नामक एक अन्य चक्र को प्रणाम करता हूं।

प्रथम वृत्त में स्थित कालरात्री आदि ऊनतीस मातृकाओं की वन्दना- मैं कालरात्री मातृका, उसके बाद खातिता मातृका, मातृका पद धारण करने वाली, गान करने वाली गायत्री मातृका तथा घण्टा मातृका, ङार्णात्मिका मातृका, भयंकर रूपवाली चण्डा मातृका, छात्मिका मातृका तथा जया नामक मूर्तिरूपिणी जया मातृका, झंकारिणी मातृका तथा ज्ञानरूपी शरीरवाली ज्ञानशरीरिणी मातृका, अतिदिव्य रूपवाली टंकहस्ता मातृका, ठंकारिणी मातृका, डंकारिणी मातृका और ढंकारिणी मातृका तथा णकारिणी मातृका, तकारिणी मातृका, थाणिक मूर्तिरूपिणी थाणी मातृका और दाक्षायणी मातृका तथा उस प्रकार की धात्री मातृका, नादा मातृका, उसके बाद पर्वतराज की पुत्री पार्वती मातृका, फेटकारिणी मातृका, उस प्रकार बन्धिनी मातृका, भद्रकाली मातृका, उसके बाद विष्णु की माया मातृका तथा श्री मातृका, षण्ढा मातृका और सरस्वती मातृका, फिर हंसवती मातृका, उन

सभी ऊनतीस शुभ मातृकाएं जो विहसित मुखवाली, अंकुश तथा पाश को धारण करने वाली, उगते हुए सूर्य के समान रक्तवर्ण वाली, तीन आंखों वाली, रक्तवर्ण वस्त्रों से युक्त तथा अर्द्धचन्द्रको धारण करने वाली हैं, को प्रथमवृत्त में निरन्तर नमस्कार करता हूं।2।

द्वितीयवृत्त में स्थित अमृता आदि सोलह मातृकाम्बाओं की वन्दना– मैं अब मातृका नाम को धारण करने वाली उस अमृता मातृकाम्बा, आकर्षिणी मातृकाम्बा, महेन्द्र की शक्ति इन्द्राणी मातृकाम्बा, ईशान की शक्ति ईशानी मातृकाम्बा, उमा नामक शक्ति उमा मातृकाम्बा, महान् ऊर्ध्वकेशी मातृकाम्बा, उसके बाद ऋद्धिरात्री मातृकाम्बा, ऋद्धीश्वरी मातृकाम्बा, लृता मातृकाम्बा, लृका मातृकाम्बा, उस एक पादवाली एकपादा मातृकाम्बा, उस ऐश्वर्यिका मातृकाम्बा, उस ओंकारात्मिका मातृकाम्बा, महान् औषधा मातृकाम्बा, अम्बिका मातृकाम्बा तथा अक्षरात्मिका मातृकाम्बा जो कि षोडश मातृकाम्बा हैं; इन रक्तवर्ण वाली, बाण तथा धनुष से युक्त हाथों वाली, विहसित मुखवाली, चन्द्रमा को धारण करने वाली तथा तीन आंखों वाली को मध्यस्थ वृत्त में नमस्कार करता हूं।3।

तृतीयवृत्त में स्थित कामेश्वरी आदि सोलह तिथिमातृकाम्बाओं की वंदना- मैं कामेश्वरी, भगमालिनी, नित्यक्लिन्ना, भेरुण्डा, वह्निवासिनी, वज्रेश्वरी, शिवदूती, त्वरिता, कुलसुन्दरी, उसके बाद विमला, नीलपताका, विजया, मंगला, ज्वालामालिनी, विचित्रा तथा श्रीसुन्दरी, इन सोलह नित्यरूपा साक्षात् तिथि मातृकाम्बा, पाश, अंकुश, धनुष तथा बाण को धारण की हुई चार भुजावाली, उगते हुए सूर्य की प्रभा के समान लाल मुखवाली को तृतीयवृत्त में निरन्तर स्मरण करता हूं।4।

वृत्तत्रय चक्रेश्वरी त्रिपुरेशिनी वंदना- मैं तपे हुए स्वर्ण के समान कांतिवाली, विहसित मुखवाली, पुस्तक, अभयमुद्रा, वरमुद्रा तथा अक्षमाला को धारण करने वाली, चार भुजाओं वाली, मस्तक पर चूड़ामणि के रूप में अर्द्धचन्द्र को धारण करने वाली, स्मार्तशास्त्र, महायोनि मुद्रा तथा गरिमा सिद्धि, इन तीनों से युक्त चक्रेश्वरी भगवती त्रिपुरेशिनी को वृत्तत्रय चक्र में नमस्कार करता हूं।5।

तृतीयावरणवन्दनम्- षोडशदल चक्र की वन्दना- मैं पूर्ण चन्द्र के समान शुक्लवर्ण वाले, सोहल दलों से युक्त, सभी आशाओं को पूर्ण करने वाले, कमलाकार, चन्द्रमा के समान दिव्य तथा शुद्ध

सोलह दलों से संशोभित, अमृत की वृष्टि करने वाले चक्र की वंदना करता हूं।1।

षोडशदल चक्र में स्थित कामाकर्षिणी आदि सोलह नित्य शक्तियों की वंदना– मैं सबसे पहले कामाकर्षिणी नित्यशक्ति तथा बुद्ध्याकर्षिणी नित्यशक्ति, अंहकारकर्षिणी नित्यशक्ति, फिर शब्दाकर्षिणी नित्यशक्ति, देवी स्पर्शाकर्षिणी नित्यशक्ति तथा दूसरी रूपाकर्षिणी नित्यशक्ति, साक्षात् नित्यशक्ति उस रसाकर्षिणी नित्यशक्ति, फिर गंधाकर्षिणी नित्यशक्ति, देवी चित्ताकर्षिणी नित्यशक्ति, धैर्याकर्षिणी नित्यशक्ति, स्मृत्याकर्षिणी नित्यशक्ति, नामाकर्षिणी नित्यशक्ति, फिर बीजाकर्षिणी नित्यशक्ति, साक्षात् आत्माकर्षिणी नित्यशक्ति तथा उस अमृताकर्षिणी नित्यशक्ति, उसके बाद देहाकर्षिणी नित्यशक्ति को जो कि शुभ्रवर्ण की हैं; तीन आंखों वाली हैं; चन्द्रमा को धारण करने वाली हैं; हाथों में पाशअंकुश, स्फटिकमाला, पूर्णपात्र तथा वरमुद्रा को धारण की हुई हैं; इन गुप्त योगिनियों की वंदना करता हूं।2।

षोडशदल चक्रेश्वरी त्रिपुरेश्वरी वंदना– मैं उस विद्राविणीमुद्रा, लघिमा सिद्धि तथा बौद्ध दर्शन से युक्त, साक्षात् चन्द्रमा की किरणों के समान गौरवर्ण मुखवाली, विहसित कमल मुखवाली, हाथों में सर्वदा पाश, अंकुश, अभयमुद्रा तथा वरमुद्रा को धारण

करने वाली, चन्द्रमा को धारण करने वाली, चन्द्रात्मक षोडशदल चक्रेश्वरी त्रिपुरेश्वरी की वंदना करता हूं।3।

चतुर्थावरणवंदनम्- अष्टदल चक्र की वंदना- मैं देदीप्यमान, देव सैन्यों के द्वारा पूजित, शुभ अष्टदलकमल वाले, सुन्दर, बंधूक पुष्प के समान लालवर्ण के विग्रहवाले संक्षोभण चक्र का भजन करता हूं।1।

अष्टदल चक्र में स्थित अनंगकुसुमा आदि आठ देवियों की वंदना- मैं पहले अनंगकुसुमा, माता अनंगमेखला, साक्षात् अनंगमदना और अनंगमदनातुरा, उस प्रकार अंगनरेखा, अनंगवेगिनी नामक देवी, अनंगांकुशा तथा अनंगमालिनी जो सभी विहसित मुखवाली, तीन आंखोंवाली, नवयुवतियां हैं; बंधूक पुष्पके समान लालवर्ण के सुन्दर शरीरवाली हैं; नीलकमल, नीलमणि, पाश तथा अंकुश को धारण करने वाली हैं; इन आठ गुप्ततर योगिनियों का स्मरण करता हूं।2।

अष्टदल चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी की वंदना- सर्वाकर्षिणी मुद्रा, महिमा सिद्धि तथा गाणपत्य दर्शन की विशिष्ट शक्ति से युक्त; पुस्तक, अक्षमाला, अभयमुद्रा तथा वरमुद्रा से युक्त हाथों वाली;

तीन आंखों से सुशोभित; आकाशात्मक अष्टदल चक्र की प्रसिद्ध चक्रेश्वरी उस त्रिपुरसुन्दरी का ध्यान करना चाहिये।3।

पंचमावरणवंदनम्- चतुर्दशार चक्र की वंदना- मैं अन्य एक चक्र जो कि चतुर्दशार से विनिर्मित, सिन्दूरवर्ण से युक्त, सौभाग्य को देने वाला तथा देवगणों के द्वारा सर्वदा पूज्य है, उसका निरन्तर भक्तिपूर्वक मन से स्मरण करता हूं।1।

चतुर्दशार चक्र में स्थित सर्वसंक्षोभिणी आदि चौदह शक्तियों की वंदना- मैं सर्वसंक्षोभिणी, सर्वविद्राविणी, सर्वाकर्षिणी, सर्वाह्लादिनी, सर्वसम्मोहिनी, सर्वस्तम्भिनी, सर्वजृम्भिणी, सर्ववशंकरी, सर्वरंजनी, सर्वोन्मादिनी, सर्वार्थसाधिनी, सर्वसम्पत्तिपूर्णा, सर्वमंत्रमयी तथा सर्वद्वन्द्वक्षयकारिणी नामक शक्तियां जो कि रक्तवर्णवाली तथा हाथों से पाश, अंकुश, दर्पण और पानपात्र को धारण करने वाली हैं, उन चौदह सम्प्रदाय योगिनियों को निरन्तर नमस्कार करता हूं।2।

चतुर्दशार चक्रेश्वरी त्रिपुरवासिनी वंदना- मैं सिन्दूर के समान लालवर्ण के शरीरवाली, विहसित मुखवाली, दिव्य चार भुजाओं में पुस्तक, स्फटिक मालिका, अभयमुद्रा तथ वरमुद्रा को धारण करने वाली, तीन आंखों वाली, ईशितासिद्धि, सर्ववशंकरी मुद्रा

तथा विविध छः न्यायादि शास्त्रों से युक्त, मायात्मक चक्र की चक्रेश्वरी उस त्रिपुरवासिनी का ध्यान करता हूं।3।

षष्ठावरणवन्दनम्- बहिर्दशार चक्र की वंदना- मैं एक अन्य चक्र की हृदय से वंदना करता हूं, जो कि दाड़िम पुष्प के समान लालवर्ण वाले, दीप्त कांतिवाले, दश अराओं से अंकित अंगवाले, सर्वार्थसाधक तथा वायुतत्त्वात्मक है।1।

बहिर्दशार चक्र में स्थित सर्वसिद्धिप्रदा आदि दश देवियों की वंदना- मैं सर्वसिद्धिप्रदा, सर्वसम्पत्प्रदा, सर्वप्रियंकरी, सर्वमंगलकारिणी, सर्वकामप्रदा, सर्वदुःखविमोचिनी, सर्वमृत्युविनाशिनी, सर्वविघ्ननिवारिणी, सर्वांगसुन्दरी तथा सर्वसौभाग्यदायिनी- इन प्रसिद्ध कुल योगिनियों को नमस्कार करता हूं; जो कि पाश, अंकुश, अभयमुद्रा तथा वरमुद्रा धारण की हुई हैं; रक्तवर्ण के वस्त्रों से युक्त हैं; विहसित कमल मुखवाली है; बंधूक पुष्प के समान रक्तवर्ण की कांतिवाली हैं; अर्द्धचन्द्र को धारण की हुईं हैं तथा रत्नों से अलंकृत अंगवाली हैं।2।

बहिर्दशार चक्रेश्वरी त्रिपुराश्री वंदना- मैं आग में तपे हुए सोने के समान सुन्दर कांतिवाली उस त्रिपुराश्री की सर्वदा वंदना करता

हूं; जो मुक्ता की अक्षमाला, पुस्तक, वरमुद्रा तथा अभयमुद्रा से युक्त करकमलवाली हैं; सर्वोन्मादिनी मुद्रा, वैदिक दर्शन तथा वशित्व सिद्धि से युक्त हैं; पवनात्मक बहिर्दशार चक्रेश्वरी हैं।3।

सप्तमावरणवंदनम्- अन्तर्दशार चक्र की वंदना- मैं एक दूसरे चक्र की वंदना करता हूं, जो कि जपापुष्प के समान रक्तवर्ण वाले, साक्षात् श्री से युक्त, सर्वरक्षाकर, दशकोणाकार, तैजसात्मक, दिव्य तथा सौरसिद्धान्तात्मक है।1।

अन्तर्दशार चक्र में स्थित सर्वज्ञा आदि दश शक्तियों की वंदना- मैं सर्वज्ञा शक्ति, उस सर्वशक्तिस्वरूपिणी शक्ति, अन्य शक्ति सर्वैश्वर्यप्रदायिनी, सर्वज्ञानस्वरूपिणी, उस सभी व्याधियों के उन्मूलन के लिये उत्सुक सर्वव्याधिविनाशिनी देवी, सर्वधारस्वरूपिणी और सर्वपाप विनाशिनी तथा आनन्दरूपा नामक सर्वानन्दस्वरूपिणी शक्ति, सर्वरक्षास्वरूपिणी तथा सद्भक्तों को वांछित फल प्रदान करने वाली, सर्वेप्सितार्थप्रदायिनी को नमस्कार करता हूं; जो साक्षात् निगर्भयोगिनी कहलाती है; मुक्ता माला धारण करने वाली, मस्तक पर चन्द्रमा से युक्त तीन आंखों वाली, उगते हुए सूर्य के समान लाल कांतिवाली हैं; ज्ञानमुद्रा, वरमुद्रा, टंक तथा अभयमुद्रा से युक्त हाथों वाली है।2।

अन्तर्दशार चक्रेश्वरी त्रिपुरमालिनी वंदना– मैं उगते हुए सूर्यमण्डल के समान लाल कान्तिवाली, अर्द्धचन्द्र को धारण करने वाली, विहसित मुखवाली, लालवर्ण के वस्त्र तथा अच्छे रत्नों को धारण करने वाली, चन्द्र, वह्नि तथा सूर्यरूपी तीन नेत्रों से सुशोभित, प्राकाम्य सिद्धि से युक्त, नवयुवति, सौरदर्शन तथा सर्वमहांकुशा मुद्रा से युक्त; हाथों में पाश, अंकुश, अभयमुद्रा, कपाल, वरमुद्रा तथा अक्षमाला को धारण करने वाली उस तैजसात्मक अन्तर्दशार चक्रेश्वरी तत्त्वेश्वरी त्रिपुरमालिनी को नमस्कार करता हूं।3।

अष्टमावरणवंदनम्– अष्टकोण चक्र की वंदना– मैं उस अन्य चक्र की वंदना करता हूं; जो कि आलौकिक रूपवाले, सभी रोगों का नाश करने वाले, सुन्दर, स्पष्ट, अष्टकोणों से संयोजित, उद्दीप्त कान्तिवाले, पद्मराग के समान प्रभावाले तथा कलात्मक है।1।

अष्टकोण चक्र में स्थित वशिनी आदि आठ वाग्देवताम्बाओं की वंदना– मैं वशिनी नामकी वाग्देवताम्बा, वाङ्निलय की अधिष्ठात्री देवी कामेश्वरी, उस प्रकार मोहिनी तथा विमला, अरुणा नामकी वाग्देवताम्बा और जयिनी नामकी वाग्देवताम्बा, सर्वेश्वरी तथा उस कौलिनी को सदैव नमस्कार करता हूं; जो कि लाल वस्त्रवाली, मस्तक पर अर्द्धचन्द्र को धारण करने वाली, सर्वदा प्रसन्न रहने वाली, स्तनों के भार से झुकी हुई हैं तथा हाथों में

माला, धनुष, पुस्तक तथा पाश को धारण करने वाली परापर नामक रहस्य योगिनियां हैं।2।

अष्टकोण चक्रेश्वरी त्रिपुरा सिद्धा वंदना– मैं सर्वरोगहर अष्टकोण चक्र की अधिष्ठात्री त्रिपुरा सिद्धा को नमस्कार करता हूं; जो कि खेचरी मुद्रा के साथ, रक्तवस्त्रों से युक्त, शुभ भुक्ति सिद्धि तथा वैष्णव दर्शन से युक्त, मस्तक पर चन्द्रमा धारण करने वाली, शरत्कालीन चन्द्रमा के समान गौरवर्णवाली, तीन आंखों से सुशोभित मुख कमल वाली तथा पाश, अंकुश, अभयमुद्रा और कपाल से युक्त हाथवाली हैं।3।

नवमावरणवंदनम्– त्रिकोणचक्र की वंदना– मैं बन्धूक पुष्प के समान लाल वर्ण से युक्त दिव्य रूपवाले, तीन कोणों से विनिर्मित, नादात्मक, चित्स्वरूप, सर्वसिद्धिप्रद नामक चक्र को नमस्कार करता हूं।1।

त्रिकोण के पूर्व में कल्पित तीन रेखाओं में गुरु परम्परा की वंदना– मैं उस त्रिकोण की पूर्वी रेखा के पूर्व में कल्पित तीन रेखाओं का चिंतन करता हूं तथा उनमें स्थित गुरुपरम्परा अपने कल्प के अनुसार सदैव स्मरण करता हूं।

प्रथम रेखा में दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ गुरुजनों की वंदना– मैं प्रथम रेखा में स्थित दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ सभी गुरुजनों को नमस्कार करता हूं।

द्वितीय रेखा में स्थित अपने श्रीगुरु आदि सात गुरुजनों की वंदना– मैं द्वितीय रेखा में स्थित सुप्रसिद्ध, अपने गुरु के क्रम से सभी गुरुजनों को नमस्कार करता हूं; जो कि शान्त स्वभाव वाले, दो आंखों वाले, स्फटिक के समान शुभ्र कान्तिवाले हैं; वरमुद्रा तथा अभयमुद्रा को धारण करने वाले हैं तथा अपनी शक्तियों के साथ विराजमान हैं।

तृतीयरेखा में स्थित श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरु की वंदना– मैं शान्त स्वरूप वाले, तीन आंख वाले, चन्द्रमा के समान शुभ्र कान्ति वाले, चार शुभ भुजाओं में मोती माला, अमृत कलश, ज्ञानमुद्रा तथा पुस्तक धारण करने वाले, दिव्य वस्त्रों से युक्त, चन्दन गंध के लेप से तथा मणिरत्नों से उज्ज्वल अंगवाले, वीरासन पर बैठे हुए, मस्तक पर चन्द्रमा को धारण करने वाले श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरु का स्मरण करता हूं।2।

त्रिकोण के बाहर षडंगयुवतियों की वंदना– मैं चक्र में त्रिकोण के बाहर षडंगयुवति नामक अंगदेवियों का स्मरण करता हूं; जो कि

रक्त वर्णवाली है; अपनी मुद्राओं के चिह्न से अंकित हाथवाली हैं तथा प्रत्येक कोण में युगलात्मक रूप से स्थित हैं।3।

त्रिकोण के बाहर षोडशी तिथि आदि तीन नित्याकलाओं की वंदना– मैं इस त्रिकोण के बाहर अग्रकोण में तिथि स्वरूप उस नित्या कलाका, दक्ष में सप्तदशी का तथा वाम में उस अष्टादशी का निरन्तर स्मरण करता हूं; जो कि सभी मन का रमण कराने वाली हैं; सिन्दूर वर्णवाली हैं; मस्तक पर चन्द्रमा धारण करने वाली है; विकसित लाल कमल के समान तीन आंखों वाली हैं तथा पाश, अंकुश, धनुष और बाण को धारण करने वाली नित्य कलाएं हैं।4।

त्रिकोण के कल्पित चार भागों में स्थित चार आयुध शक्तियों की वंदना– मैं यहां पर चार भागों की कल्पना करके उनमें स्थित जृम्भण करने वाली बाणशक्ति, सम्मोहन करने चापशक्ति, वशीकरण करने वाली पाश शक्ति तथा स्तम्भन नामक अंकुश शक्ति का स्मरण करता हूं; जो कि चार आयुध शक्ति कहलाती हैं; सभी विहसित मुख से युक्त अनगिनत मस्तकों वाली, वरमुद्रा तथा अभयमुद्रा से युक्त, अरुणवर्ण वाली हैं।5।

त्रिकोण चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिका वंदना– मैं नाद नामक सिद्धि के कारणस्वरूप सुन्दर चक्र में स्थित चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिका की वंदना करता हूं; जो कि उगते हुए सूर्य की करोड़ों किरणों के समान कान्तिवाली हैं; अर्द्ध चन्द्रांकित दिव्य रत्नों से निर्मित मुकुट का धारण करने वाली है; अभयमुद्रा, पुस्तक, वरमुद्रा तथा अक्षमाला से युक्त हाथों वाली है; इच्छासिद्धि, शाक्तदर्शन तथा सर्वबीजा नामक मुद्रा से युक्त है।6।

दशमावरणवंदनम्– बिन्दु चक्र की वंदना– मैं पुनः बिन्दु नामक अन्य सुन्दर चक्र का स्मरण करता हूं; जो कि दिव्य रूपवाले हैं; साक्षात् शिवात्मक उद्दीप्त कान्तिवाले हैं; शुक्ल तथा अरुण के मिश्र वर्णवाले बिन्दु रूप सर्वानन्दमय हैं।1।

रति आदि पन्द्रह देवियों की वंदना– मैं पहले रति, उसके बाद प्रीति, मनोभवा, द्राविणी, क्षोभिणी, वशिनी, आकर्षिणी तथा सुमीनकेता; पुनः अन्य देवी सुभगा तथा भगा, उस भगसर्पिणी, पुनः देवी भगमालिनी; उस प्रकार देवी अनंगा, अनंग मेखला तथा अनंग मदनातुरा; इन देवियों का स्मरण करता हूं; जो कि रक्त वर्ण की हैं; मणि की माला धारण करने वाली हैं; हाथों में पाश, अंकुश, बाण तथा धनुष धारण किया है तथा परापर योगिनियां कहलाती हैं।2।

बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवी की वंदना– मैं बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवी को नमस्कार करता हूं; जो कि सूर्यमण्डल के समान रक्तवर्ण की कान्तिवाली नवयुवती हैं; नरमुण्डों की माला से युक्त हैं; चन्द्र, सूर्य तथा अग्निरूपी तीन आंखों वाली हैं; मस्तक पर अर्द्धचन्द्र को धारण करने वाली हैं; माणिक्य रत्नों से युक्त लाल वर्ण के वस्त्रों से अलंकृत हैं; रक्तसे लिप्त स्तन युगल से शरीर वाली हैं; हाथों में अक्षमाला, अभयमुद्रा, वरमुद्रा तथा पुस्तक धारण करने वाली हैं; बिन्दु चक्र में प्राप्ति सिद्धि, योनि मुद्रा तथा शैव दर्शन से युक्त हैं तथा विहसित मुखवाली हैं।3।

एकादशावरणवंदनम्– बिन्दु चक्रान्तर्गत महाबैन्दव चक्र की वंदना– मैं सर्वानन्दमय चक्र के अन्तर्गत महाबैन्दव नामक एक अन्य चक्र की वंदना करता हूं; जो कि परब्रह्म तत्त्वात्मक एकमात्र अद्वैत स्वरूप है।1।

महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी की वंदना– मैं साक्षात् श्रीशक्ति से सम्बन्धित कौल दर्शन, त्रिखण्डा महामुद्रा तथा सर्वकाम सिद्धि से युक्त; रक्तवर्ण की कान्तिवाली; पाश, धनुष, बाण तथा अंकुश को धारण करने वाली; दिव्यरूपवाली; जगत को मोहित करने

वाली तथा समरसाकार नामक ब्रह्मात्मक चक्र में स्थित देवी त्रिपुरसुन्दरी की वंदना करता हूं।2।

कल्पित षट्कोण में ब्रह्मा आदि छः शाम्भवों की वंदना– मैं फिर वहां पर षट्कोण की कल्पना करके फिर क्रम से छः शाम्भवों को नमस्कार करता हूं।3।

षट्कोण के मध्य में श्रीमहाशाम्भव की वंदना– मैं मध्य में श्रीमहाशाम्भव को नमस्कार करता हूं; जो कि छः शाम्भवों के ईश हैं; साक्षात् चैतन्यस्वरूप हैं; छः मुखों वाले हैं; बारह हाथों वाले हैं तथा मस्तक पर चन्द्रमा धारण करने वाले हैं।4।

महाबैन्दव चक्र में श्रीमातंगिनी महाविद्या पीठशक्ति की वंदना– मैं नाना प्रकार के रत्नों से निर्मित विचित्र अलंकारों को धारण करने वाली, श्यामवर्ण मुखवाली, विहसित मुखवाली, मस्तक पर चन्द्रमा को धारण करने वाली, दिव्य अंकुश, तलवार, शुभपाश तथा ढाल से युक्त, पीन स्तनों को धारण करने वाली तथा सिंह के समान कटिवाली मातंगिनी देवी को नमस्कार करता हूं।5।

अष्टाक्षर मांतगी मंत्र- विनियोगः- ॐ अस्य मंत्रस्य संमोहन ऋषिः, निवृत् छन्दः, सर्वसंमोहिनी देवता, सर्वजन संमोहनार्थे जपे विनियोगः।

ध्यानम्- श्यामांगी वल्लकीं दोर्भ्यां वादयन्तीं सुभूषणाम् ।चन्द्रावतंसां विविधैर्गायनैर्मोहर्तीं जगत्।।

मंत्र- 'कामिनी रंजिनी स्वाहा।' इस प्रथम मत्रं से दीक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ना चाहिये। बीस हजार जप करके मधुयुक्त मधूक पुष्पों से होम करने से जगत का वशीकरण होवे।

दशाक्षर मातंगी मंत्र- विनियोगः- ॐ अस्य मंत्रस्य दक्षिणामूर्ति ऋषिः, विराट् छन्दः, श्री मातंगी देवता, ह्रीं बीजं, हूं शक्तिः, क्लीं कीलकं, सर्वकार्यसिद्धयर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास- ॐ दक्षिणामूर्त्ये ऋषये नमः शिरसि। विराट् छन्दसे नमः मुखे। मातंगी देवतायै नमः हृदि। ह्रीं बीजाय नमः गुह्ये। हूं शक्तये नमः पादयोः। क्लीं कीलकाय नमः नाभौ। विनियोगाय नमः सर्वांगे।

करन्यास- ॐ ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः। ॐ ह्रूं मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ह्रैं अनामिकाभ्यां नमः। ॐ ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादिन्यास- ॐ ह्रां हृदयाय नमः। ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा। ॐ ह्रूं शिखायै वषट्। ॐ ह्रैं कवचाय हुं। ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ ह्रः अस्त्राय फट्।

ध्यानम्- श्यामांगीं शशिशेखरां त्रिनयनां वेदैः करैर्विभ्रतीं। पाशं खेटमथांकुशं दृढमसिं नाशाय भक्त द्विषाम्।। रत्नांलकरण प्रभोज्जवल तनुं भास्वत्किरीटां शुभां। मातंगी मनसा स्मरामि सदयां सर्वार्थसिद्धि प्रदाम्।।

मंत्र- 'ॐ ह्रीं क्लीं हूं मातंग्ये फट् स्वाहा।'

सवा लाख जप करके शर्करा, शहद और घृत के मिश्रण से पलाश की समिधाओं द्वारा होम करने से मंत्र सिद्ध होता है, वशीकरण कार्य सिद्ध होते हैं तथा वाक्सिद्धि एवं धनधान्य की अभिवृद्धि होती है।

श्रीलघुश्यामा मातंगी- विनियोगः- ॐ अस्य श्रीलघुश्यामा मंत्रस्य मदन ऋषिः, निचृद्गायत्री छन्दः, भगवती लघुश्यामा देवता, ऐं बीजं, स्वाहा शक्तिः, ममाखिलाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास- ॐ मदनऋषये नमः शिरसि। निचृद्गायत्रीछन्दसे नमः मुखे। देवी लघुश्यामा देवतायै नमः हृदि। ऐं बीजायै नमः गुह्ये। स्वाहा शक्तये नमः पादयोः। विनियोगाय नमः सर्वांगे।

रत्यादिन्यास- ऐं रत्यै नमः मूर्ध्नि। ह्रीं प्रीत्यै नमः हृदि। क्लीं मनोभवायै नमः पादयो। ऐं इच्छाशक्तयै नमः मुखे। ह्रीं ज्ञानशक्त्यै नमः कण्ठे। क्लीं क्रियाशक्त्यै नमः लिंगे।

बाणन्यास- द्रां द्रावणबाणाय नमः शिरसि। द्रीं शोषणबाणाय नमः मुखे। क्लीं तापनबाणाय नमः हृदि। ब्लूं मोहनबाणाय नमः गुह्ये। सः उन्मादनबाणाय नमः पादयोः।

करन्यास- ऐं नमः अंगुष्ठाभ्यां नमः। उच्छिष्ट तर्जनीभ्यां नमः। चाण्डालि मध्यमाभ्यां नमः। मातंगि अनामिकाभ्यां नमः। सर्ववशंकरि कनिष्ठिकाभ्यां नमः। स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादिन्यास- ऐं नमः हृदयाय नमः। उच्छिष्ट शिरसे स्वाहा। चाण्डालि शिखायै वषट्। मातंगि कवचाय हुम्। सर्ववशंकरि नेत्रत्रयाय वौषट्। स्वाहा अस्त्राय फट्।

ब्राह्म्यादि मातृकान्यास- आं क्षां ब्राह्मीकन्यकायै नमः मूर्ध्नि। ईं लां माहेश्वरी कन्यकायै नमः वामांसे। ऊं हौं कौमारीकन्यकायै नमः वामपार्श्वे। ऋं सां वैष्णवीकन्यकायै नमः नाभौ। लृं षां वाराही कन्यकायै नमः दक्षपार्श्वे। ऐं शां इन्द्राणी कन्यकायै नमः दक्षांगे। औं वां चामुण्डा कन्यकायै नमः कुकुदि। अः लां महालक्ष्मी कन्यकायै नमः हृदि।

सिद्धिन्यास- ॐ ऐं अणिमासिद्धिकन्यकायै नमः ललाटे। ॐ ऐं महिमा सिद्धिकन्यकायै नमः भ्रूमध्ये। ॐ ऐं लघिमा सिद्धिकन्यकायै नमः कण्ठे। ॐ ऐं गरिमा सिद्धिकन्यकायै नमः हृदि। ॐ ऐं ईशिता सिद्धिकन्यकायै नमः नाभौ। ॐ ऐं वशिता सिद्धिकन्यकायै नमः मूलाधारे। ॐ ऐं प्राकाम्य सिद्धिकन्यकायै नमः लिंगे। ॐ ऐं प्राप्ति सिद्धिकन्यकायै नमः मूर्ध्नि।

अप्सरान्यास- ॐ क्लीं उर्वशी अप्सरः कन्यकायै नमः मूर्ध्नि। ॐ क्लीं मेनका अप्सरः कन्यकायै नमः ललाटे। ॐ क्लीं रम्भा अप्सरः कन्यकायै नमः दक्षिणनेत्रे। ॐ क्लीं घृताची अप्सरः कन्यकायै नमः वामनेत्रे। ॐ क्लीं पुंजिकस्थला अप्सरः कन्यकायै नमः वक्त्रे। ॐ क्लीं सुकेशी अप्सरः कन्यकायै नमः दक्षिणकर्णे।

ॐ क्लीं मंजुघोषा अप्सरः कन्यकायै नमः वामकर्णे। ॐ क्लीं महारंगवती अप्सरः कन्यकायै नमः ककुदि।

अष्टकन्यास- ॐ क्लीं यक्षकन्यकायै नमः दक्षांसे। ॐ क्लीं गंधर्वकन्यकायै नमः वामांसे। ॐ क्लीं सिद्धकन्यकायै नमः हृदि। ॐ क्लीं नरकन्यकायै नमः दक्षस्तने। ॐ क्लीं नागकन्यकायै नमः वामस्तने। ॐ क्लीं विद्याधरकन्यकायै नमः जठरे। ॐ क्लीं किम्पुरुषकन्यकायै नमः गुह्ये। ॐ क्लीं पिशाचकन्यकायै नमः मूलाधारे।

मंत्रवर्णन्यास- ॐ ऐं नमः दक्षिणबाहुमूले। ॐ नं नमः दक्षकूपरि। ॐ मं नमः दक्षिणमणिबंधे। ॐ उं नमः दक्षांगुलिमूले। ॐ च्छिं नमः दक्षांगुल्यग्रे। ॐ ष्टं नमः वामबाहूमूले। ॐ चां नमः वाम कूपरि। ॐ डां नमः वाममणिबंधे। ॐ लिं नमः वामांगुलिमूले। ॐ मां नमः वामांगुल्यग्रे। ॐ तं नमः दक्षपादमूले। ॐ गिं नमः दक्षजानुनि। ॐ सं नमः दक्षगुल्फे। ॐ र्वं नमः दक्षपादांगुलिमूले। ॐ वं नमः दक्षपादांगुल्यग्रे। ॐ शं नमः वामपादमूले। ॐ कं नमः वामजानुनि। ॐ रिं नमः वामगुल्फे। ॐ स्वां नमः वामापादांगुलि मूले। ॐ हां नमः वाम पादांगुल्यग्रे।

ध्यानम्- ॐ माणिक्याभरणान्वितां स्मितमुखीं नीलोत्पलाभाम्बरां, रम्यालक्त कलिप्त पादकमलां नेत्रत्रयोल्लासिनीम्। वीणावादन तत्परां सुरनतां कीरच्छदश्यामलां मातंगी शशिशेखरामनु भजेत् तांबूलपूर्णाननाम्।।

मंत्र- 'ऐं नमः उच्छिष्ट चाण्डालि मातंगि सर्ववशंकरि स्वाहा।'

सर्ववशीकरण हेतु यह मातंगी विद्या प्रमुख है। एक लाख जप पश्चात् महुए के पुष्पों एवं समिधाओं से होम करें। इसके प्रभाव से राजा, प्रजा का वशीकरण होता है, समस्त कुप्रयोग विनष्ट होते हैं तथा समस्त कामनाओं की पूर्ति होती है।

श्रीमातंगी गायत्री- 'ॐ मातंग्यै च विद्महे उच्छिष्ट चाण्डाल्यै च धीमहि तन्नो देवि प्रचोदयात्।

द्वात्रिंशदक्षरो मातंगी मंत्र- विनियोगः- ॐ अस्य मंत्रस्य मतंग ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्री मातंगी देवता, ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

करन्यास- ॐ ह्रीं ऐं श्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। नमो भगवति तर्जनीभ्यां नमः। उच्छिष्ट चाण्डालि मध्यमाभ्यां नमः।

श्रीमातंगेश्वरि अनामिकाभ्यां नमः। सर्वजनवशंकरि कनिष्ठिकाभ्यां नमः। स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादिन्यास- ॐ ह्रीं ऐं श्रीं हृदयाय नमः। नमो भगवति शिरसे स्वाहा। उच्छिष्ट चाण्डालि शिखायै वषट्। श्रीमातंगेश्वरि कवचाय हुम्। सर्वजनवशंकरि नेत्रत्रयाय वौषट्। स्वाहा अस्त्राय फट्।

